**राज्यपाल सचिवालय**
**राज भवन, जयपुर**

## राज्यपाल श्री मिश्र ने 'द ग्रेट मोक स्वामी विवेकानंद' धारावाहिक के पोस्टर का लोकार्पण किया

जयपुर/मुंबई, 23 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने गुरूवार को मुम्बई के लोखण्डवाला में आयोजित एक कार्यक्रम में हरिओम फिल्म्स द्वारा युवाओं के प्रेरक युगदृष्टा सन्यासी स्वामी विवेकानंदजी पर निर्मित हो रहे 'द ग्रेट मोक स्वामी विवेकानंद' धारावाहिक के पोस्टर का लोकार्पण किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि स्वामी विवेकानंदजी ने अपने युग को देखा और परखा ही नहीं बल्कि उसे पहचानते हुए युवाओं को जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन पर धारावाहिक निर्माण को महती बताते हुए कहा कि इससे नई पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी।

श्री मिश्र ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का पूरा जीवन ही आदर्श की राह है। उन्होंने स्वामी विवेकानंद जी को वेदों के महान ज्ञाता और उपनिषदों के मर्मज्ञ विद्वान बताते हुए कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि वेदों के रूढ़ अर्थों की बजाय उनके मूल निहितार्थ में ले जाते उन्होंने युवाओं के लिए उन्हें सुगम किया। उन्होंने वास्तविक तथ्यों के साथ भारतीय संस्कृति के मूल्यों को ध्यान में रखकर धारावाहिक का निर्माण किए जाने का आह्वान किया। उन्होंने स्वामी जी द्वारा विश्व धर्म महासभा में भाग लेने और भारतीय अध्यात्म दर्शन से पूरे विश्व को आलोकित करने की घटनाओं के साथ ही राजस्थान में उनके प्रवास के बारे में भी जानकारी दी।

राज्यपाल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद नाम राजस्थान से ही उन्हे मिला। उन्होंने कहा कि वह ऐसी विभूति थे जिन्होंने धर्म के रूढ़ अर्थों से मुक्त करते हुए देश और समाज को निरंतर दिशा देने का कार्य किया। उन्होंने मुम्बई में दीपावली स्नेह मिलन की भी सभी को शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर राज्यपाल श्री मिश्र का मुम्बई में भव्य अभिनंदन भी किया गया। संविधान और संस्कृति से जुड़े उनके चिंतन और किए गए कार्यो की भी आयोजकों ने सराहना की। राज्यपाल ने इसके लिए सभी का आभार जताया।

-------